# जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।
(स्वास्थ्य विभाग)

**जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद से बहुद्देशीय कार्यकर्त्ता (पुरूष) के पद पर अनुबंध के आधार पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

उप विकास आयुक्त–सह–सदस्य सचिव, DMFT, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा के पत्रांक–1188/DMFT दिनांक 17.06.2025 के आलोक में जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद से बहुद्देशीय कार्यकर्त्ता (पुरूष) के पद पर अनुबंध के आधार पर नियुक्ति हेतु **इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन** आमंत्रित किया जाता है।

1. जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद से बहुद्देशीय कार्यकर्त्ता (पुरूष) के पद पर नियुक्ति हेतु कोटिवार रिक्त पदों एवं अनिवार्य योग्यता एवं अहर्त्ता का विवरण निम्न प्रकार है:–

| Sl. No. | Name of Post | Category wise vacancy | | | | | Essential/Desired Qualification & Experience | Basic Remuneration (Per month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | ST | SC | EWS | Total | | |
| 1 | MPW(M) | 55 | 63 | 5 | 13 | 136 | 10+2 or Intermediate with Science. Candidate must have Passed the 10+2 or intermediate (Science) examination with 45% marks | 15123.00 |

**आवेदन करने एवं परीक्षा हेतु तिथि:–**

| | |
|---|---|
| आवेदन करने की तिथि | **12.07.2025 से 27.07.2025 तक** |
| परीक्षा की तिथि | 03.08.2025 |

❖ **आवश्यकता पड़ने पर परीक्षा की तिथि एवं समय में परिवर्तन किया जा सकता है। जिसकी सूचना अधिकारिक वेबसाइट chaibasa.nic.in पर उपलब्ध होगी।**

**2.** आयु सीमाः– आयु सीमा का निर्धारण 01.07.2025 को कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के संकल्प– 609 दिनांक 25.01.2016 के आलोक में निम्नवत् गणना की जायेगी :–

| क्रं0 | कोटि | न्यूनतम आयु सीमा | अधिकतम आयु सीमा | दिव्यांगजनों के लिए अधिकतम आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सामान्य एवं आ.क.व. | 18 | 35 वर्ष | 40 वर्ष |
| 02 | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (पुरूष) | | 40 वर्ष | 45 वर्ष |

नोटः— पश्चिमी सिंहभूम जिले के लिए निर्धारित आरक्षण रोस्टर के अनुसार पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को आरक्षित श्रेणी में नहीं रखे जाने की स्थिति में ये सामान्य कोटि के अन्तर्गत माने जायेंगे।

- ❖ यह पद DMFT मद से स्वीकृत है, अतः केवल पश्चिमी सिंहभूम जिले के स्थायी निवासी ही इसके लिए आवेदन करने के लिए पात्र होगें। इस हेतु सक्षम प्राधिकारी के स्तर से निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण—पत्र संलग्न करना होगा।
- ❖ यह अपेक्षित है कि यह नियुक्ति अपने निवास स्थान के नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में सेवा देने के लिए है, अतः यह आवेदन सिर्फ पश्चिमी सिंहभूम के स्थायी निवासी के लिए ही उपलब्ध होगा। स्थानीय निवासी हेतु स्थानीय निवासी प्रमाण—पत्र (जिसमें पश्चिमी सिंहभूम का पता अंकित हो) आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
  **अभ्यर्थी नियुक्ति से पूर्व इस आशय का शपथ पत्र (Affidavit) देंगे कि कभी भी सेवा स्थायी करने / विस्तारित करने / किसी अन्य पद पर रखने हेतु कोई दावा प्रस्तुत नहीं करेंगे।**
- ❖ अभ्यर्थी के पास दो पहिया का वैध ड्राइविंग लाइसेंस का होना अनिवार्य होगा।

**चयन की प्रक्रिया एवं शर्तें—**

1. अभ्यर्थियों का चयन शैक्षणिक एवं अभिक्षमता परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर किया जायेगा। जिसका निर्धारण विभागीय निर्देशानुसार / जिला चयन समिति के निर्णयानुसार किया जाएगा।
2. कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के अन्तर्गत अंकन प्रक्रिया (Marking Scheme) कुल अंकन (Marking) 100 अंको का होगा, ये 100 अंक निम्न उप वर्गो में विभाजित होगा जो कार्य की प्रकृति एवं पद के अनुसार आवश्यक कौशल के आधार पर निर्धारित होगा। उम्मीदवारों के अंतिम चयन का मापदंड दो वर्गों में कुल प्राप्तांक के अधीन होगा—

| Sl. No. | Marking Scheme | Maximum Marks |
|---|---|---|
| 1 | a) Academics (Matriculation)*<br>b) Academics (Intermediate)*<br>c) Relevant desired qualifications ANM (Male), GNM (Male), DMLT, D Pharma, B.Pharma and M.Pharma. | 20<br>20<br>10 |
| 2 | OMR-based written test for MPW (Male) covering General Science, General Awareness, Basic Nursing, and Paramedical knowledge. | 50 |
| 3 | Total | 100 |

❖ **क्रमांक 1(A) एवं 1(B) के लिए अभ्यर्थियों को प्राप्त शैक्षणिक अंकों में प्राप्त प्रतिशतता को 0.2 से गुणा करने पर प्राप्त अंक** Academics Marks **के रूप में प्रदान की जाएगी।**

3. परीक्षा हेतु केवल रिक्त पदों की संख्या के अधिकतम पाँच गुणा योग्य अभ्यर्थियों को ही आमंत्रित किया जाएगा।

4. नियुक्ति हेतु जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर का अनुपालन किया जायेगा।
5. पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा जिला के आधिकारिक वेबसाईट chaibasa.nic.in पर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। डाक अथवा हाथोंहाथ आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
6. ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि (27.07.2025) के उपरांत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
7. ऑनलाईन आवेदन हेतु आवेदन शुल्क 200/– रूपये मात्र है।
8. अंतिम रूप से तैयार की गई चयन/प्रतीक्षा सूची सिविल सर्जन कार्यालय/उपायुक्त के कार्यालय सूचना पट्ट पर प्रकाशित की जाएगी। आवश्यकतानुसार एतद् सूचना समाचार पत्र/चाईबासा जिले के अधिकारिक वेबसाईट पर भी दी जाएगी।
9. **यह नियुक्ति पूर्णतः संविदा आधारित होगी।यह एक अस्थायी नियुक्ति है; इसके आधार पर नियमित नियुक्ति का कोई दावा मान्य नहीं होगा।**
10. **नव नियुक्त बहुद्देशीय कार्यकर्ता (पुरुष) को** Basic Remuneration **₹15,123/- प्रति माह मानदेय देय होगा।**
   - ❖ **दुर्गम क्षेत्र हेतु निर्धारित प्रोत्साहन राशि के साथ** Remote Area Incentive **एवं** Mobility Allowance **निम्नलिखित श्रेणियों के अनुसार देय होगा (श्रेणी A - ग्रामीण क्षेत्र, श्रेणी B - कठिन पहुँच वाले क्षेत्र, तथा श्रेणी C - अति कठिन पहुँच वाले क्षेत्र)।**

नोट:- दुर्गम क्षेत्रों हेतु निर्धारित प्रोत्साहन राशि तीन वर्गों में वर्गीकृत करते हुए निम्नलिखित प्रकार से निर्धारित की गई है

| Category | Remote Area Incentive | Mobility Allowance |
|---|---|---|
| Category A | 15% | 20% |
| Category B | 20% | 20% |
| Category C | 25% | 20% |

| Sl No | Name of block | Category | Basic Remuneration | Remote Area Incentive | Mobility Allowance | Total Remuneration |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Sadar Chaibasa | Category- A | 15123 | 15% | 20% | 20416 |
| 2 | Chakradharpur | Category- A | 15123 | 15% | 20% | 20416 |
| 3 | Jhinkpani | Category- A | 15123 | 15% | 20% | 20416 |
| 4 | Khuntpani | Category- A | 15123 | 15% | 20% | 20416 |
| 5 | Tantnagar | Category- A | 15123 | 15% | 20% | 20416 |
| 6 | Bandgaon | Category- B | 15123 | 20% | 20% | 21172 |
| 7 | Jaganathpur | Category- B | 15123 | 20% | 20% | 21172 |
| 8 | Kumardungi | Category- B | 15123 | 20% | 20% | 21172 |
| 9 | Manjhari | Category- B | 15123 | 20% | 20% | 21172 |
| 10 | Tonto | Category- B | 15123 | 20% | 20% | 21172 |
| 11 | Majhgaon | Category- C | 15123 | 25% | 20% | 21928 |
| 12 | Manoharpur | Category- C | 15123 | 25% | 20% | 21928 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | Noamundi | Category- C | 15123 | 25% | 20% | 21928 |
| 14 | Sonua | Category- C | 15123 | 25% | 20% | 21928 |
| 15 | Goilkera | Category- C | 15123 | 25% | 20% | 21928 |

11. बहुद्देशीय कार्यकर्ता (पुरुष) के नियंत्री पदाधिकारी संबंधित जिले के सिविल सर्जन होंगे।
12. यदि बहुद्देशीय कार्यकर्ता (पुरुष) सिविल सर्जन या प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कार्य से अनुपस्थित रहते हैं, तो अनुपस्थित अवधि का मानदेय देय नहीं होगा। एक माह से अधिक समय तक बिना पूर्वानुमति या युक्तिसंगत कारण के अनुपस्थिति की स्थिति में संविदा समाप्त की जा सकती है।
13. **कार्य संतोषप्रद नहीं रहने पर एक माह का नोटिस देकर अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।**
14. **नियुक्ति प्रक्रिया में जिला चयन समिति, चाईबासा का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।**
15. **चयन समिति द्वारा आवश्यकतानुसार विज्ञापन के शर्तों में संशोधन/विज्ञापन रद्द करने का शक्ति सुरक्षित रहेगा।**
16. **रिक्तियों के विरूद्ध चयन/नियुक्ति के क्रम में कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखण्ड के द्वारा चाईबासा जिला के परिचालित/निर्धारित आरक्षण रोस्टर का अनुपालन किया जाएगा। इसके उपरान्त ही आरक्षित कोटि के पद मेधा सूची अनुसार भरे जायेंगे।**
17. योगदान से पूर्व चयनित अभ्यर्थी को सिविल सर्जन द्वारा निर्गत चिकित्सकीय फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
18. अभ्यर्थी को कार्यपालक दंडाधिकारी/नोटरी पब्लिक के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह घोषणा की जाएगी कि उनके द्वारा प्रस्तुत सभी प्रमाण पत्र वास्तविक एवं प्रामाणिक हैं। यदि भविष्य में कोई प्रमाण पत्र जाली/कृत्रिम पाया जाता है, तो अनुबंध समाप्त करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
19. संबंधित सिविल सर्जन शैक्षणिक योग्यता, कार्यानुभव, जाति, एवं आवासीय प्रमाण पत्रों का सत्यापन संबंधित जारीकर्ता संस्था से कराना सुनिश्चित करेंगे।
20. झूठे/फर्जी प्रमाण पत्रों (जाति सहित) के आधार पर की गई नियुक्ति को वैध नहीं माना जाएगा। ऐसी नियुक्ति बिना पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है, एवं चयन समिति को विधिक कार्रवाई करने का पूर्ण अधिकार होगा।
21. अभिक्षमता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए एवं नियुक्ति स्थल पर योगदान हेतु यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। मानदेय का भुगतान कार्य स्थल पर योगदान की तिथि से किया जाएगा।
22. यदि बहुद्देशीय कार्यकर्ता (पुरुष) की सेवा असंतोषजनक पाई जाती है अथवा वे सरकारी कार्य में बाधा डालते हैं, तो उनकी सेवा समाप्त की जा सकती है, और इस संबंध में उनका कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।
23. सेवा के सभी नियम एवं शर्तों सहित संविदा पत्र (सेवा अनुबंध) तैयार किया जाएगा, जिस पर दोनों पक्षों एवं दो गवाहों के हस्ताक्षर होना अनिवार्य होगा।
24. नव नियुक्त बहुद्देशीय कार्यकर्ता (पुरुष) को नियुक्ति पत्र निर्गत होने की तिथि से 15 (पन्द्रह) दिनों के भीतर योगदान देना अनिवार्य होगा। इस अवधि में योगदान न देने हेतु युक्तियुक्त कारण न रहने की स्थिति में संबंधित की अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है। अंतिम तिथि तक योगदान नहीं करने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को अवसर दिया जाएगा।

25. ऑनलाईन प्राप्त आवेदन के आलोक में योग्य उम्मीदवारों की सूची तैयार किया जाएगा। योग्य उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा (OMR BASED) की तिथि, समय एवं स्थान के लिए अलग से सूचित किया जाएगा।

26. जाँच परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर मेधा सूची तैयार की जाएगी। तद्नुसार उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। मेधा सूची तैयार करते समय यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थी समान अंक प्राप्त करते है, तो ऐसे अभ्यर्थियों की परस्पर योग्यता निम्नानुसार निर्धारित की जाएगी:–

    i.) जन्म तिथि के अनुसार अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को दूसरे की तुलना में वरीयता दी जाएगी।

    ii.) यदि जन्म तिथि भी समान हो, तो अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में पहले आने वाले उम्मीदवार को वरीयता दी जाएगीं।

27. **यदि कोई चयनित अभ्यर्थी पूर्व सूचना के बिना अनुपस्थित पाया जाता है, या उसका प्रदर्शन असंतोषजनक रहता है, अथवा निर्धारित क्षमता के अनुरूप कार्य निष्पादन नहीं करता है, तो उसे नियुक्ति से हटाने का अधिकार नियोक्ता प्राधिकारी को होगा ।**

28. **अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन के साथ सभी शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों की स्वयं-सत्यापित छायाप्रति अपलोड करना अनिवार्य होगा।**

29. अनुबंध एक वर्ष के लिए अनुमान्य होगी। प्रबंधन समिति के मूल्यांकन के उपरांत यदि उनका कार्य संतोषजनक पाया जाता है, तो आवश्यकता अनुसार उनका नवीनीकरण किया जा सकता है तथा सेवा शर्तों के अनुसार 5 प्रतिशत की वृद्धि प्रदान की जा सकती है।

30. **इस अवधि के दौरान यदि उक्त पद पर राज्य स्तर से नियमित नियुक्ति की जाती है, तो संविदा पर की गई यह नियुक्ति स्वतः समाप्त मानी जाएगी।**

31. सम्पूर्ण प्रक्रिया में आंशिक संशोधन/निरस्त/स्थगित करने अथवा किसी विवाद के संबंध में अंतिम निर्णय उपायुक्त द्वारा गठित समिति द्वारा किया जा सकेगा।

Chandan
05/07/25

जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त,
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।

# आवेदन पत्र का विहित प्रपत्र

सेवा में,

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।

| पासपोर्ट साईज का फोटो |
|---|

1. आवेदित पद का नाम :– ..............................................................................

2. आवेदक का नाम :– ..............................................................................

3. पिता का नाम :– ..............................................................................

4. मोबाईल नम्बर :– .............................................. ई मेल :– ..............................................

5. स्थानीय पता :– ..............................................................................

..............................................................................

6. स्थायी पता :– ..............................................................................

..............................................................................

7. जन्म तिथि :– ........................................................ (जन्म तिथि के लिए मैट्रिक का प्रमाण पत्र, जिसमें जन्म तिथि अंकित हो, संलग्न करें)

( दिनांक 01.07.2025 को आवेदक का उम्र............... वर्ष ..................माह .................दिन)

8. शैक्षणिक योग्यता :–
(क) क्रमशः उच्चतम योग्यता से शुरू करते हुए न्यूनतम दसवीं तक की योग्यता अंकित करें
(ख) सारे योग्यताओं के स्वअभिप्रमाणित प्रमाण–पत्र जाति, आवासीय एवं अंक पत्र आवश्य संलग्न करें।

| परीक्षा का नाम | उत्तीर्णता का वर्ष | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

9. कार्यानुभव (यदि कोई हो तो) :–

(क) हाल के कार्य अनुभव से शुरूआत करते हुए सभी अनुभव को दर्ज करें।

(ख) कृपया स्वयंसेवक (Volunteer) के कार्य को कार्य अनुभव में न लिखें, यह मान्य नहीं होगा।

(ग) सारे कार्य अनुभवों की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें।

| पद का नाम | संस्थान का नाम | अनुभव (तिथि अंकित करें) | |
|---|---|---|---|
| | | कब से | कब तक |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

10. जाति / श्रेणी (अनारक्षित / अ0ज0जा0 / अ0जा0 / आ0क0वर्ग) :–

(आरक्षण का लाभ हेतु सक्षम पदाधिकारी के स्तर से निर्गत जाति प्रमाण–पत्र एवं आर्थिक रूप से कमजोर का प्रमाण–पत्र संलग्न करें)

11. आवासीय प्रमाण–पत्र :–

(सक्षम प्राधिकारी के स्तर से निर्गत प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा )

## घोषणा

उपरोक्त सभी सूचनाएँ मेरी जानकारी में सही है। किसी भी स्तर पर दी गई सूचनाएँ गलत पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

तिथि–

स्थान–

**आवेदक का हस्ताक्षर**